



# 2026-27 का केंद्रीय बजट देश के प्रत्येक नागरिकों के सपनों, आंकाक्षाओं और भविष्य को मजबूत करना वाला बजट : निर्मला भूरिया

- देश के बजट में निर्धन, मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और युवाओं का रखा गया है विशेष ध्यान - : सांसद अनिता चौहान
- भाजपा जिला कार्यालय पर केंद्रीय बजट को लेकर पत्रकारवार्ता का हुआ आयोजन

**झाबुआ।** केंद्र सरकार द्वारा विगत दिनों देश के लिए बजट प्रस्तुत किया गया। यह बजट संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत करते हुए बजट में देश के नागरिकों के लिए लिए गए महत्वपूर्ण फैसले एवं निर्णयों की जानकारी देने हेतु 8 फरवरी, रविवार दोपहर 11 बजे से भाजपा जिला कार्यालय पर महत्वपूर्ण पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारवार्ता में मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, भाजपा प्रदेश मंत्री संगीता सोनी एवं क्षेत्रीय सांसद अनिता चौहान ने जानकारी देते हुए केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत बजट को देश के प्रत्येक नागरिकों के सपनों का साकार करने वाला, आकांक्षाओं को पूरा करने वाला और भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला बजट बताया गया एवं कहा कि बजट में देश के निर्धन, मध्यम वर्ग, किसानों, महिलाओं और युवाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

प्रारंभ में पत्रकारवार्ता का संचालन बजट के जिला संयोजक एवं भाजपा जिला महामंत्री राजेश वसुनिया ने करते हुए बजट के संबंध में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई। बाद संबोधित करते हुए मप्र शासन की केबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने बताया कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2026-27 के बजट में हर वर्ग और तबके का ध्यान रखा है। केंद्रीय बजट युवाओं के सपनों को उड़ान देने वाला है। किसानों के विश्वास को मजबूत करने वाला होकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी निर्णायक है और मध्यम एवं गरीब वर्ग को सशक्त करने की सोच को आगे बढ़ता है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लगातार 9वीं बार संसद में बजट प्रस्तुत कर देश को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया गया है। मंत्री निर्मला भूरिया ने आगे बताया कि यह बजट विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को साकार करने वाला विजन पत्र है।



### निर्धन एवं मध्यम वर्ग को बजट से मिली बड़ी राहत

सांसद अनिता चौहान ने केंद्रीय बजट के बारे बताया कि स्वास्थ्य के खर्च को कम करने के लिए सरकार ने दवाओं पर लगने वाले शुल्क में कटोती है। कैंसर की 17 जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क शून्य एवं बहुत कम कर दिया गया है। निर्धन एवं मध्यमवर्गीय परिवारों को गुणवत्तापूर्ण उपचार सुविधा देने के लिए जिला स्तर पर बायोफार्मा और आयुष केंद्रों के लिए 10 हजार करोड़ का फंड आवंटित किया है। युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के लिए बजट में व्यापक अवसर है। शिक्षा से रोजगार एवं उद्यम स्थायी समिति का गठन और 15 हजार माध्यमिक विद्यालयों एवं 500 महाविद्यालयों में एवीजीसी कटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना रचनात्मकता को बढ़ावा देगी। खेलो इंडिया मिशन के माध्यम से अगले दशक में खेल क्षेत्र में बदलाव लाने का लक्ष्य युवाओं को नई दिशा देगा। एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10 हजार करोड़ रू. का आवंटन युवा उद्यमियों को संबल प्रदान करेगा।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र को सशक्त करने वाला बजट है

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दौलत भावसार ने जानकारी दी कि बजट में स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए बायोफार्मा शक्ति के तहत 10 हजार करोड़ रूपए का आवंटन और तीन नए एनआईपीईआर संस्थाओं का निर्माण भारत को वैश्विक बायाफार्मा केंद्र बनाएगा। बजट में 17 दवाओं और 7 असाध्य रोगों की दवाओं पर सीमा शुल्क में विशेष छूट दी गई है। कुल मिलाकर केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत इस बजट से देश विकसित, सशक्त, मजबूत और आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर होगा। पत्रकारवार्ता में विशेष रूप से भाजपा जिला महामंत्री विजय चौहान, जिला उपाध्यक्ष माया सोलंकी भी उपस्थित रहे। अंत में आभार भाजपा जिला कार्यालय मंत्री मनोहर मोदी ने माना।

### महिला सशक्तिकरण को नई दिशा मिलेगी

भाजपा प्रदेश मंत्री संगीता सोनी ने बताया कि बजट में महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा और कौशल विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है। बजट में देश के प्रत्येक जिले में एक महिला छात्रावास की स्थापना का प्रस्ताव है। इसके लिए लगभग 10 हजार करोड़ रू. का प्रावधान किया गया है। इससे छात्राओं को सुरक्षित आवास मिल सकेगा। किसानों की आय में वृद्धि करने और कृषि को आधुनिक बनाने के लिए यह बजट अत्यंत सकारात्मक है। भारत विस्तार नामक बहुभाषीय एआई टूल के माध्यम से कृषि प्रणालियों को तकनीकी से जोड़ा जाएगा। उच्च मूल्य वाली खेती को बढ़ावा देने के लिए नारियल, चंदन, कोको और काजू जैसी फसलों के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है।

एक नजर में

## समय रहते बाल विवाह रोका गया, संयुक्त दल की त्वरित कार्रवाई



**धार।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला धार के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री सुभाष जैन के मार्गदर्शन में जिले से गठित संयुक्त दल द्वारा ग्राम खुटकला, तहसील सरदारपुर, जिला धार में बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही की गई। प्राप्त शिकायत के आधार पर बाल संरक्षण अधिकारी श्री कारण भंवर, संबंधित सुपरवाइजर श्रीमती निर्मला भाटी एवं ग्राम खुटकला की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 08 फरवरी 2026 को मौके पर पहुंचकर जांच की गई तथा मौका पंचनामा तैयार किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित बालिकाओं की आयु विधि द्वारा निर्धारित न्यूनतम विवाह योग्य आयु से कम है। मौके पर उपस्थित परिवारजनों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जिसके शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं कानूनी दुष्परिणाम होते हैं। संयुक्त दल, ग्राम सचिव श्री मुकेश कुमावत एवं सरपंच द्वारा समझाइश दिए जाने पर परिवारजनों ने बाल विवाह नहीं करने पर सहमति दी, जिससे समय रहते बाल विवाह को रोका जा सका। इसी क्रम में समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन के संबंध में सम्मेलन समिति के पदाधिकारियों को भी स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि 18 वर्ष से कम आयु की किसी भी बालिका एवं 21 वर्ष से कम आयु के किसी भी बालक का विवाह सामूहिक विवाह सम्मेलन में किसी भी स्थिति में संपन्न न कराया जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं विवाह समितियों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने में प्रशासन का सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध बाल विवाह की सूचना तत्काल संबंधित विभाग को दें।

## शिक्षक व भाई को थाने में देनी होगी साप्ताहिक हाजिरी

**बदनावर (धार)।** आम जनता से गाली-गलौज, मारपीट, रंगदारी, धोखाधड़ी, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर अपराधों में संलिप्त शिक्षक दिनेश पिता अमर सिंह निवासी माकनी एवं उनके भाई राकेश पिता अमर सिंह निवासी माकनी को जिला कलेक्टर धार द्वारा आगामी तीन माह तक सप्ताह में एक दिन पुलिस थाना कानवन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक धार द्वारा जिला दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत आवेदन के आधार पर की गई है। आरोपित शिक्षक दिनेश पूर्व में भी कई विवादों में शामिल रहा है, जिस पर अन्य व्यक्ति के नाम दर्ज कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने, कब्जा छोड़ने के बदले 55 लाख रुपए लेने और बाद में फसल काटने जैसे मामलों में प्रकरण दर्ज किया जा चुका है, जिसके चलते वर्ष 2023 में उसे और उसके भाई को जेल भी जाना पड़ा था। इसके अलावा, माध्यमिक विद्यालय सिलोदा बुजुर्ग में पदस्थ रहे दिनेश को जिला शिक्षा अधिकारी धार द्वारा सिविल सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन पर वर्ष 2023 में निलंबित भी किया गया था। बावजूद इसके, एक शिक्षक होकर भी अपराधों में लिप्त रहने के कारण प्रशासन ने अब उसे सदाचार बनाए रखने के उद्देश्य से यह सख्त कदम उठाया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि आदेश का पालन नहीं करने पर आगे कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## रोहीदास मार्ग में नपा के सार्वजनिक शौचालय को हटाकर अवैध कब्जा कर गुमटी लगा दी

- आसपास के रहवासी एवं दुकानदारों ने नपा सीएमओ को आवेदन देकर अवैध कब्जा हटाने एवं पुनः सार्वजनिक मूत्रालय लगाने की मांग की

**झाबुआ।** शहर के सिद्धेश्वर कॉलोनी से रोहीदास मार्ग में प्रवेश करने पर प्रवेश मार्ग के किनारे पर कोने में नगरपालिका के सार्वजनिक मूत्रालय को हटाकर वहां किसी व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा करते हुए गुमटी लगा दी गई है। जिससे मूत्रालय एवं शोच क्रिया के लिए जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में आसपास के रहवासी एवं दुकानदारों ने नगरपालिका सीएमओ मिलन पटेल को आवेदन देकर शिकायत दर्ज करवाई है। जिसमें अवैध रूप से लगाई गई गुमटी को हटाने एवं पुनः उक्त स्थान पर नगरपालिका द्वारा सार्वजनिक मूत्रालय रखवाने की मांग की गई है। आसपास के रहवासी एवं दुकानदारों में प्रकाश राठौर, कालू डामोर, वैभव राठौड़, मनोज भानपुरिया, कमलेश राठौर, प्रदीप राठौर, अंकित, हेमेन्द्र आदि ने नपा सीएमओ को आवेदन देते हुए बताया कि रोहीदास मार्ग में हंसा लॉज, सेंट्रल बैंक, हॉस्पिटल लेबोरेट्री, कपड़े, कटलरी, टेलरिंग आदि दुकाने निर्मित है। हंसा लॉज सेंट्रल बैंक के सामने नगरपालिका की 4 दुकानों के पास वर्षों से नगरपालिका द्वारा प्लास्टिक का सार्वजनिक मूत्रालय रखा हुआ था। उक्त मूत्रालय वर्तमान में हटाकर यहां अवैध रूप से गुमटी लगा दी गई है। जिससे लोगों, विशेषकर महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आवेदन में नगरपालिका प्रशासन से उक्त स्थान से अवैध गुमटी का कब्जा हटाकर पुनः मूत्रालय रखवाए जाने की मांग की गई है। साथ ही मूत्रालय के पास नाले-नाली की नियमित सफाई की भी मांग रखी है।



### इनका कहना है

रोहीदास मार्ग में सड़क किनारे लोगों द्वारा खुले में बाथरूम-शोच करने की शिकायत हमे प्राप्त हुई थी। फिलहाल अस्थायी रूप से रखे सार्वजनिक मूत्रालय को हटवाया गया है, यहां स्थायी रूप से सुविधा घर बनाए जाने की योजना है। अवैध रूप से रखी गुमटी को यहां से हटवा दिया जाएगा।

शैलेष बिट्टू सिंगार, अध्यक्ष प्रतिनिधि, नगरपालिका परिषद् झाबुआ।

## जन प्रतिनिधियों का जिला सम्मेलन आज धार में

**धार।** विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अंतर्गत विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) एक्ट (वीबी राम जी के जन जागरण को लेकर आज सोमवार 11 बजे भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय जन प्रतिनिधियों का जिला सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा तथा केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती विधायक श्रीमती नीना वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह जी चावड़ा का प्रथम नगर आगमन पर किसान मोर्चा विभिन्न मंचों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।



## आबकारी विभाग ने 55 .5 बल्क ली. विदेशी मदिरा जब्त की

**धार।** धार जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आबकारी वृत्त गंधवानी में प्रभावी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) एवं 34(2) के तहत एक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। यह कार्यवाही कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा के आदेशानुसार, सहायक आबकारी आयुक्त जिला धार श्री राजनारायण सोनी के मार्गदर्शन में तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुश्री राजकुमारी मंडलोई के नेतृत्व में की गई। शनिवार को आबकारी उप निरीक्षक सुश्री एकता सोनकर द्वारा वृत्त गंधवानी अंतर्गत ग्राम मीणा खेड़ी में एक खेत से लगे मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कुल 06 गत्ते की पेटियों में 55.5 बल्क लीटर अवैध विदेशी मदिरा बरामद की गई।

## पीजी कॉलेज के अर्थशास्त्र के विद्यार्थियों ने लघु कुटीर उद्योग एवं पर्यटन अर्थव्यवस्था का अध्ययन किया

- ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी महेश्वर का एक दिवसीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण किया



**झाबुआ।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शहीद चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय झाबुआ के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पीएम उषा सॉफ्ट कंपोनेंट-3 के तहत विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान, औद्योगिक समझ एवं क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के अध्ययन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक नगरी महेश्वर का एक दिवसीय शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. जेसी सिन्हा एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. संजू गांधी जैन तथा पीएम उषा प्रभारी डॉ. वीएस मेड़ा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

भ्रमण की शुरुआत विद्यार्थियों ने महेश्वर किला नर्मदा घाट के अवलोकन से की। यहां विद्यार्थियों को महारानी अहिल्याबाई होलकर के सुशासन नगर नियोजन व्यापार एवं सामाजिक विकास में योगदान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अर्थशास्त्र के दृष्टिकोण से विद्यार्थियों को बताया गया कि किस प्रकार धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहर और स्थानीय बाजार मिलकर क्षेत्रीय आय एवं रोजगार सर्जन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे है। विद्यार्थियों ने पर्यटन से जुड़ी सेवाएं होटल, परिवहन, हस्तशील उद्योग के आर्थिक प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से समझा।

**उत्पादन प्रक्रिया एवं मूल्य निर्धारण को विस्तार से समझा-** भ्रमण का मुख्य आकर्षक विश्व प्रसिद्ध महेश्वर साड़ी उद्योग रहा। विद्यार्थियों को स्थानीय बुनकरों एवं उद्योग संचालक बसंत श्रवणेकर एवं जतिन श्रवणेकर ने उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की प्राप्ति, रंगाई एवं डिजाइन निर्माण प्रक्रिया, लागत, मूल्य निर्धारण आदि को विस्तार से समझाया। इस भ्रमण में अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजू बघेल, भ्रमण मार्गदशक डॉ. बीएल डावर, प्रो. जेमाल डामोर, प्रो. बीएस डामोर, डॉ. मुकेश डामोर, प्रो. मनोज अवासिया, प्रो. छाया मुवेल, प्रो. किरण मोरी, डॉ. राखी मंडलोई, श्रीमती अनुराधा, रवि वसुनिया एवं अर्थशास्त्र विषय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।



## मप्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड द्वारा उत्कृष्ट, मॉडल एवं श्रमोदय चयन परीक्षा का जिले में आयोजन

**झाबुआ।** मप्र राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड भोपाल द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय के माध्यम से 8 फरवरी, रविवार को जिले में उत्कृष्ट, मॉडल एवं श्रमोदय चयन परीक्षा का आयोजन किया गया। जिले में यह परीक्षा 10 केंद्रों पर आयोजित हुई। जिसमें 2455 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा का समय सुबह 10.30 से दोपहर 1 बजे तक रखा गया।

जानकारी देते हुए समन्वयक संस्था पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय प्राचार्य सीमा त्रिवेदी ने बताया कि जिला मुख्यालय पर परीक्षा हेतु 5 केंद्र पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय, शासकीय सांदिपनि उत्कृष्ट उमा विद्यालय, शासकीय हाईस्कूल बुनियादी, पीएमश्री शासकीय बालक उमा विद्यालय रातीतलाई एवं कैथोलिक मिशन स्कूल केंद्र बनाए गए। यहां छात्र-छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ केंद्रों पर पहुंचे और परीक्षा कक्षों में चयन परीक्षा में शामिल होकर परीक्षा दी। यह परीक्षा जिला शिक्षा अधिकारी रूपसिंह बामनिया के मार्गदर्शन में सपंन्न हुई। जिसमें उत्कृष्ट, मॉडल एवं श्रमोदय चयन परीक्षा में दर्ज कुल 2755 परीक्षार्थियों में से 2455 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 300 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा झाबुआ के साथ रानापुर, रामा, मेघनगर, थांदला और पेटलावद में भी बनाए गए केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा आयोजन को लेकर केंद्रों पर विशेष तैयारियां की गई। प्रत्येक केंद्र पर केंद्राध्यक्ष और परीक्षा प्रभारी बनाए गए। जिनके सफल नेतृत्व में यह परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई।

एक नजर में | विधायक नीना वर्मा ने तरण पुष्कर की गुणवत्ता, साफ सफाई एवं व्यवस्थाओं की सरहाना की

## धार तरण पुष्कर का सांकेतिक तैराकी प्रतिस्पर्धा के साथ शुभारंभ






**धार. जिले में खेल अधोसंरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत धार तरण पुष्कर का शुभारंभ रविवार को उदय रंजन क्लब परिसर में सांकेतिक तैराकी प्रतिस्पर्धा के साथ किया गया।**

कार्यक्रम में विधायक नीना वर्मा, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ।

विधायक नीना वर्मा ने तरण पुष्कर की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए कहा कि जिले में खेल, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले में कई महत्वपूर्ण ड्रीम प्रोजेक्ट्स पर कार्य प्रगतिशील है, जिससे आने वाले समय में जिले को व्यापक लाभ मिलेगा।

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने तरण पुष्कर परिसर का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा एवं गुणवत्ता से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्विमिंग पूल से प्राप्त होने वाली आय का उपयोग ऐसे बच्चों को तैराकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराने में किया जाएगा, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं, किंतु खेल सीखने की इच्छा रखते हैं। इस पहल से जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि धार जिले में खेलों की अपार संभावनाएं हैं। पूर्व में जिले के खिलाड़ियों द्वारा बैडमिंटन सहित अन्य खेलों में सराहनीय प्रदर्शन किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि तरण पुष्कर जैसी आधुनिक खेल सुविधाओं से भविष्य में जिले से राज्य, राष्ट्रीय एवं आगे चलकर ओलंपिक स्तर तक के खिलाड़ी तैयार हो सकते हैं, जो जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी ने आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की खेल गतिविधियां बच्चों एवं युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देती हैं। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।